# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य खाद्य जाल को सबसे अधिक प्रभावित कर सकता है?**

**Ans**
- ✔ A. एक प्रमुख प्रजाति का अचानक हटाया जाना
- ✗ B. धूप के घंटों में वृद्धि
- ✗ C. वर्षा में मौसमी परिवर्तन
- ✗ D. हवा की दिशा में बदलाव

**Q.2** **कौन-सा संयोजी ऊतक अस्थियों के जोड़ो को चिकना बनाता है तथा कान और श्वासनली में उपस्थित होता है?**

**Ans**
- ✗ A. एरिओलर (Areolar)
- ✔ B. उपास्थि (Cartilage)
- ✗ C. वसामय (Adipose)
- ✗ D. स्नायु (Ligament)

**Q.3** **यदि किसी वस्तु की चाल समय के साथ बदलती है, तो दूरी-समय ग्राफ ____________ होगी।**

**Ans**
- ✔ A. एक वक्र रेखा
- ✗ B. काल अक्ष के समांतर एक सीधी रेखा
- ✗ C. काल अक्ष पर आनत एक सीधी रेखा
- ✗ D. एक क्षैतिज सीधी रेखा

**Q.4** **अनंत पर स्थित किसी वस्तु का अवतल लेंस द्वारा बनाया गया प्रतिबिम्ब ................ होता है।**

**Ans**
- ✔ A. आभासी, सीधा और बिंदु-आकार का
- ✗ B. वास्तविक, उल्टा और बड़ा
- ✗ C. वास्तविक, सीधा और आवर्धित
- ✗ D. आभासी, उल्टा और छोटा

**Q.5** **पृथ्वी के परित: चंद्रमा की वृत्तीय गति के लिए किस प्रकार का बल उत्तरदायी है?**

**Ans**
- ✗ A. अभिलंब बल
- ✗ B. विद्युत चुम्बकीय बल
- ✗ C. अपकेन्द्रीय बल
- ✔ D. पृथ्वी के गुरुत्व के कारण अभिकेन्द्रीय बल

**Q.6** Impurities are converted to compounds by adding refining agents in which type of refining method?

**Ans**
- ✔ A. Chemical method
- ✘ B. Physical method
- ✘ C. Ionic method
- ✘ D. Electro-chemical method

**Q.7** फॉस्फोरिक अम्ल ($H_3PO_4$) निम्नलिखित में से किन आयनों से बना होता है?

**Ans**
- ✔ A. H+, PO43-
- ✘ B. H+, PO42-
- ✘ C. H2+, PO43-
- ✘ D. H+, PO44-

**Q.8** निम्नलिखित अभिक्रिया को संतुलित करें।

$3MnO_2$ (s) + xAl (s) → 3Mn (l) + $yAl_2O_3$ (s) + ऊष्मा

**Ans**
- ✘ A. x = 4, y = 4
- ✘ B. x = 3, y = 2
- ✔ C. x = 4, y = 2
- ✘ D. x = 2, y = 4

**Q.9** वह प्राथमिक तंत्र क्या है जिसके माध्यम से लैंगिक प्रजनन संततियों में आनुवंशिक विविधता उत्पन्न करता है?

**Ans**
- ✘ A. युग्मक निर्माण के दौरान बार-बार कोशिका विभाजन
- ✔ B. प्रत्येक गुणसूत्र युग्म से युग्मकों में मातृज या पैतृक गुणसूत्रों का यादृच्छिक वितरण
- ✘ C. युग्मकों के बीच गुणसूत्र संख्या में भिन्नता
- ✘ D. मातृज और पैतृक माता-पिता में युग्मक निर्माण के दौरान DNA प्रतिलिपिकरण में अशुद्धियां

**Q.10** चिकनी अंतःप्रद्रव्यी जालिका (SER) ___________ के निर्माण में सहायक होती है।

**Ans**
- ✘ A. प्रोटीन
- ✘ B. स्टार्च
- ✘ C. डीएनए
- ✔ D. लिपिड (वसा)

**Q.11** मेंडल ने वंशानुक्रम के नियमों को प्रतिपादित करने के लिए कितने विपरीत लक्षणों का उपयोग किया?

**Ans**
- ✔ A. 7
- ✘ B. 8
- ✘ C. 4
- ✘ D. 5

**Q.12** निम्नलिखित में से किस ध्वनि का तारत्व (pitch) सबसे कम होगा?

**Ans**
- ✔ A. एक आदमी की गंभीर आवाज (100 Hz)
- ✘ B. एक पक्षी की चहचहाहट (1500 Hz)
- ✘ C. एक ट्यूनिंग फ़ोर्क (512 Hz)
- ✘ D. एक बच्चे की आवाज़ (350 Hz)

**Q.13** कार्बन डाइऑक्साइड का आण्विक द्रव्यमान _______ है।

**Ans**
- ✘ A. 28 amu
- ✘ B. 32 amu
- ✘ C. 50 amu
- ✔ D. 44 amu

**Q.14** **निम्नलिखित में से कौन-सा, अवतल दर्पण का सही उपयोग नहीं है?**

**Ans**

✗ A. इसका उपयोग शेविंग में उपयोग होने वाले दर्पण के रूप में किया जाता है।

✗ B. इसका उपयोग सौर भट्टी में किया जाता है।

✓ C. इसका उपयोग ऑटोमोबाइल में पश्च दृश्य दर्पण के रूप में किया जाता है।

✗ D. इसका उपयोग टॉर्च में किया जाता है।

**Q.15** **प्याज के छिलके की कोशिकाओं के सूक्ष्म अवलोकन से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

**Ans**

✗ A. प्रत्येक प्याज के छिलके में भिन्न संघटन वाली कोशिकाएं होती हैं

✗ B. प्याज की आकृति उसकी कोशिकाओं के आकार को निर्धारित करता है

✗ C. प्याज शल्ककंदों में भिन्न कार्यों के लिए भिन्न प्रकार की कोशिकाएं होती हैं

✓ D. सभी प्याज समान लघु संरचनाओं से बने होते हैं, जिन्हें कोशिकाएं कहते हैं

**Q.16** **2 Ω और X Ω वाले दो प्रतिरोधक, 10 V बैटरी से श्रेणीक्रम में जुड़े हैं। यदि प्रतिरोधकों में प्रवाहित धारा 2 A है, तो X का मान (ओम में) कितना होगा?**

**Ans**

✗ A. 1/3

✗ B. 2

✓ C. 3

✗ D. 1/2

**Q.17** **Which of the following plant nutrients is supplied from air?**

**Ans**

✗ A. Nitrogen

✗ B. Iron

✗ C. Hydrogen

✓ D. Carbon

**Q.18** **फीनॉलफ्थेलिन, क्षारीय विलयन में किस रंग में बदल जाता है?**

**Ans**

✗ A. पीला

✗ B. लाल

✗ C. रंगहीन

✓ D. गुलाबी

**Q.19** **The direction of the magnetic field at the centre of a current-carrying circular loop is determined by which of the following?**

**Ans**

✗ A. Lenz's Law

✗ B. Fleming's Left-Hand Rule

✗ C. Fleming's Right-Hand Rule

✓ D. Right-Hand Thumb Rule

**Q.20** **30 kg द्रव्यमान के एक गुटके को 'X' m की ऊँचाई तक ले जाने में किया गया कार्य 6000 J है। X का मान (m में) कितना होगा?**
**(g का मान = 10 $m/s^2$ लीजिए)**

**Ans**

✗ A. 200

✗ B. 1,80,000

✓ C. 20

✗ D. 1800

**Q.21** यदि ऐलुमिनियम का एक टुकड़ा आयरन(II) सल्फेट ($FeSO_4$) के विलयन में मिला दिया जाए, तो क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. नीला विलयन बन जाएगा।
- ✗ B. कोई अभिक्रिया नहीं होगी।
- ✗ C. ऐलुमिनियम निक्षेपित हो जाएगा।
- ✓ D. लोहा निक्षेपित हो जाएगा।

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन का कारण बनता है?

**Ans**
- ✗ A. इसे किसी अन्य पदार्थ के साथ मिलाना
- ✗ B. पदार्थ को घोलना
- ✗ C. पदार्थ को काटना
- ✓ D. तापमान या दबाव में परिवर्तन

**Q.23** जब अम्ल को जल में घोला जाता है, तो क्या होता है?

**Ans**
- ✓ A. यह H+ आयन मुक्त करता है।
- ✗ B. यह OH− आयन मुक्त करता है।
- ✗ C. यह अपने अम्लीय गुणों का त्याग कर देता है।
- ✗ D. यह लवण का निर्माण करता है।

**Q.24** कोई वस्तु 5 s तक एक सरल पथ पर गतिमान है। इसका प्रारंभिक वेग 10 m $s^{-1}$ है और अंतिम वेग -2 m $s^{-1}$ है। औसत वेग का परिमाण कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 5 m/s
- ✗ B. 8 m/s
- ✓ C. 4 m/s
- ✗ D. 6 m/s

**Q.25** कायिक प्रवर्धन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

कथन **A:** जड़, तना और पत्तियाँ उपयुक्त परिस्थितियों में नए पादपों में विकसित होती हैं।
कथन **B:** कायिक प्रवर्धन गन्ना, गुलाब और अंगूर में प्रयुक्त किया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. केवल कथन B
- ✓ B. कथन A और कथन B दोनों
- ✗ C. केवल कथन A
- ✗ D. न तो कथन A और न ही कथन B

## Section : **Mathematics**

**Q.26** एक पाइप एक टंकी को 6 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 9 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टंकी खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी को आधा भरने में कितने मिनट लगेंगे?

**Ans**
- ✗ A. 19
- ✗ B. 18
- ✓ C. 9
- ✗ D. 10

**Q.27** चतुर्भुज ABCD में, ∠A = 32° और ∠B = 58° है। ∠C और ∠D के समद्विभाजक O पर मिलते हैं। ∠DOC की माप कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. 33°
- ✗ B. 50°
- ✗ C. 60°
- ✓ D. 45°

| | | |
|---|---|---|
| Q.28 | किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए जबकि A को 75 अंक प्राप्त हुए, जोकि अधिकतम 110 अंकों में से थे। B के अंक A के अंकों के कितने प्रतिशत थे? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) | |
| Ans | ✔ A. 66.67%<br>✘ B. 68.18%<br>✘ C. 150.22%<br>✘ D. 110.19% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | एक कक्षा के 23 विद्यार्थियों की औसत आयु 25 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 26 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है? | |
| Ans | ✘ A. 56<br>✘ B. 59<br>✔ C. 49<br>✘ D. 57 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | यदि एक खंभा 30 m ऊंचा है और जमीन पर उसकी $10\sqrt{3}$ m लम्बी छाया बनती है, तो सूर्य का उन्नयन कोण कितना होगा? | |
| Ans | ✔ A. 60°<br>✘ B. 30°<br>✘ C. 45°<br>✘ D. 90° | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | यदि $4^{(x+1)} = 64 \times 8^{x}$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✔ A. −4<br>✘ B. 2<br>✘ C. −2<br>✘ D. 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | मोहन अकेले किसी कार्य को 5 घंटे प्रतिदिन काम करके 6 दिनों में पूरा कर सकता है, और रोहन उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे दोनों मिलकर प्रतिदिन 8 घंटे कार्य करें, तो उन्हें कार्य पूरा करने में कितना समय लगेगा? | |
| Ans | ✘ A. $3\frac{1}{5}$ दिन<br>✘ B. $2\frac{5}{8}$ दिन<br>✔ C. $2\frac{1}{7}$ दिन<br>✘ D. $3\frac{4}{9}$ दिन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | एक फ़ूड आउटलेट दो तरह के मील कॉम्बो बेचता है। पहले कॉम्बो में 2 सैंडविच और 1 जूस है और इसकी कीमत ₹80 है। दूसरे कॉम्बो में 1 सैंडविच और 2 जूस है और इसकी कीमत ₹70 है। एक सैंडविच की कीमत कितनी है? | |
| Ans | ✔ A. ₹30<br>✘ B. ₹25<br>✘ C. ₹20<br>✘ D. ₹35 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | एक टाइपिस्ट को 4 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। वह 90 मिनट में कितने पृष्ठ टाइप करेगा? | |
| Ans | ✘ A. 10<br>✘ B. 8<br>✔ C. 9<br>✘ D. 11 | |

Q.35 एक व्यक्ति अपने भाई की उम्र के दोगुने से 5 वर्ष बड़ा है। अगर वह व्यक्ति वर्तमान में 27 वर्ष का है, तो उसके भाई की उम्र कितनी है?

Ans
- ✗ A. 10 वर्ष
- ✓ B. 11 वर्ष
- ✗ C. 12 वर्ष
- ✗ D. 13 वर्ष

Q.36 ₹1,964 को आशीष, ललिता और प्रणव के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्सों से क्रमशः ₹50, ₹17 और ₹10 काट लिए जाएँ, तो उनके पास 20:4:13 के अनुपात में धनराशि बचती है। ललिता का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹304
- ✗ B. ₹354
- ✓ C. ₹221
- ✗ D. ₹154

Q.37 यदि किसी संख्या के $\frac{1}{3}$ के 10% का 40%, 477 है तो संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 35775
- ✗ B. 39070
- ✗ C. 37030
- ✗ D. 38170

Q.38 यदि किसी आँकड़े का बहुलक उसके माध्य से 19.8 अधिक है, तो उसका बहुलक उसकी माध्यिका से _____ अधिक होगा। (अपना उत्तर ज्ञात करने के लिए मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करें।)

Ans
- ✗ A. 14.6
- ✓ B. 13.2
- ✗ C. 8.6
- ✗ D. 15.3

Q.39 एक बेलन जिसकी ऊंचाई उसकी त्रिज्या की आठ गुनी है, को पिघलाकर गोलाकार गेंदें बनाई जाती हैं, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या बेलन की आधी है। गोलाकार गेंदों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 24
- ✓ B. 48
- ✗ C. 56
- ✗ D. 35

Q.40 किसी रेस में, एक एथलीट पहले चक्कर में 420 m की दूरी 140 सेकंड में तय करता है। वह उतनी ही दूरी का दूसरा चक्कर 70 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/sec में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 3
- ✓ C. 4
- ✗ D. 5

Q.41 विशाल अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{5}$ चाल से चलते हुए, अपने कार्यालय 24 मिनट देरी से पहुँचता है।
उसे अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
- ✓ A. 36 मिनट
- ✗ B. 45 मिनट
- ✗ C. 41 मिनट
- ✗ D. 34 मिनट

Q.42 ₹1,500 के मूलधन पर 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,423
- ✗ B. ₹1,661
- ✓ C. ₹1,815
- ✗ D. ₹1,940

Q.43 एक व्यक्ति एक मेज को 7% के लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे ₹1,280 अधिक में बेचा होता, तो उसका लाभ 17% होता। मेज का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹12,400
- ✗ B. ₹12,200
- ✗ C. ₹12,600
- ✓ D. ₹12,800

Q.44 समीकरण $\frac{X}{125} = \frac{5}{X}$ में, यदि X > 0 है, तो 'X' के स्थान पर क्या आएगा?

Ans
- ✗ A. 23
- ✗ B. 28
- ✓ C. 25
- ✗ D. 27

Q.45 $[(4x - 5y)^2 + 80xy] \div [(4x + 5y)^2]$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✗ D. −3

Q.46 एक व्यापारी अपने माल का अंकित मूल्य क्रय मूल्य से 44% अधिक अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 75% की छूट देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 65% हानि
- ✓ B. 64% हानि
- ✗ C. 66% हानि
- ✗ D. 67% लाभ

Q.47 ईंधन की कीमत तीन क्रमिक माह में 40%, 15% और 45% कम हो जाती है, लेकिन चौथे माह में 70% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे माह में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✗ A. 53.03% की कमी
- ✗ B. 48.21% की वृद्धि
- ✓ C. 52.32% की कमी
- ✗ D. 54.13% की वृद्धि

Q.48 एक वर्गाकार आधार और 10 ft ऊँचाई वाले कमरे का आयतन 25,000 $ft^3$ है। कमरे के चारों कोनों में 25 $ft^2$ आधार क्षेत्रफल वाले घनकक्ष बने हैं। कमरे के उस क्षेत्रफल की दीवारों और छत को रंगना है, जो घनकक्ष से घिरे नहीं है। कितने क्षेत्रफल को रंगना है?

Ans
- ✗ A. 4200 $ft^2$
- ✗ B. 4500 $ft^2$
- ✓ C. 4000 $ft^2$
- ✗ D. 4300 $ft^2$

Q.49 एक दुकानदार निम्नलिखित चार स्कीम प्रदान करता है:
A) 32% और 40% की दो क्रमिक छूट
B) 1 खरीदें, 5 मुफ़्त पाएँ
C) 48% की एकल छूट
D) 8% और 33% की दो क्रमिक छूट

दुकानदार के लिए कौन-सी स्कीम सबसे उपयुक्त है?

Ans
✔ A. D
✘ B. C
✘ C. A
✘ D. B

Q.50 दो संख्याओं का अनुपात 3 : 4 है और उनका HCF (महत्तम समापवर्तक) 7 है। उनका LCM (लघुत्तम समापवर्त्य) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 84
✘ B. 56
✘ C. 49
✘ D. 64

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 एक कक्षा के सभी 31 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। पूजा दाएं छोर से 9वें स्थान पर है, जबकि तान्या बाएं छोर से 16वें स्थान पर है। पूजा और तान्या के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✘ A. 8
✔ B. 6
✘ C. 5
✘ D. 7

Q.52 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

VYA−EHJ
HKM−QTV

Ans
✘ A. TVW−BEG
✘ B. TVW−CFH
✘ C. TWY−BFG
✔ D. TWY−CFH

Q.53 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/ से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ वाहन, ट्रक हैं।
कुछ वाहन, लॉरी हैं।
कुछ ट्रक, बस हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ वाहन, बस हैं।
(II) कुछ ट्रक, लॉरी हैं।

Ans
✘ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✔ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.54** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

79 ÷ 7 + 464 × 4 − 386 = ?

**Ans**
- ✔ A. 823
- ✘ B. 862
- ✘ C. 871
- ✘ D. 839

**Q.55** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर के अभिमुख होकर बैठे हैं। D और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में B बैठा है। G के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। G और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✘ A. 2
- ✘ B. 3
- ✘ C. 4
- ✔ D. 1

**Q.56** सात डिब्बे, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।
A और E के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। A के ऊपर केवल C को रखा गया है। G और F के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। B को D के ठीक ऊपर रखा गया है। F को B के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
B के नीचे कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans**
- ✘ A. 2
- ✘ B. 4
- ✘ C. 1
- ✔ D. 3

**Q.57** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

170 150 133 119 108 ?

**Ans**
- ✔ A. 100
- ✘ B. 102
- ✘ C. 106
- ✘ D. 98

**Q.58** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, MGRC, HCOA से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार VOWB, QKTZ से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, QNVT दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✔ A. LJSR
- ✘ B. MJRS
- ✘ C. MKRS
- ✘ D. LKSR

**Q.59** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'K & T x R - Z + V' है, तो K का V से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ A. पुत्र की पत्नी का भाई
- ✘ B. पत्नी के पिता
- ✔ C. पुत्र की पत्नी के पिता
- ✘ D. पुत्री

Q.60 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6 10 18 30 46 ?

Ans
- ✗ A. 72
- ✗ B. 76
- ✗ C. 52
- ✓ D. 66

Q.61 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E और B दोनों का निकटतम पड़ोसी A है। B, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
G के दाईं ओर से गिनने पर, C और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 3
- ✗ C. 1
- ✗ D. 4

Q.62 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 9 14 19 24 ?

Ans
- ✗ A. 27
- ✗ B. 28
- ✗ C. 25
- ✓ D. 29

Q.63 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(15, 39, 87)
(27, 51, 99)

Ans
- ✓ A. (83, 107, 155)
- ✗ B. (49, 73, 122)
- ✗ C. (55, 79, 128)
- ✗ D. (72, 95, 143)

Q.64 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 3 4 1 9 5 1 3 6 5 3 2 7 4 9 8 4 2 7 8 4 2 5 7 6 4 5 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक विषम संख्या है?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.65 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 458 625 751 359 245 (दाएं)
(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 3
- ✗ C. 4
- ✗ D. 1

Q.66 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'trust builds bond' को 'zn fy tk' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'keep your trust' को 'fy ep rb' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'trust' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. zn
- ✗ B. rb
- ✗ C. ep
- ✓ D. fy

Q.67 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FOUR' को '5812' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'ROUT' को '5628' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 6
- ✗ C. 2
- ✗ D. 8

Q.68 प्रकाश बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 37 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 40 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 55 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 64 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 18 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम में 22 km
- ✗ B. पश्चिम में 23 km
- ✗ C. पूर्व में 25 km
- ✓ D. पश्चिम में 24 km

Q.69 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पियानो, गिटार हैं।
कुछ गिटार, वायलिन हैं।
कोई वायलिन, ड्रम नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ ड्रम, गिटार हैं।
(II) कुछ वायलिन, पियानो हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं।
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है।

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

FEA 40 EDZ 32 DCY 24 CBX 16 ?

Ans
- ✗ A. BBV 8
- ✗ B. BZV 7
- ✗ C. BEI 7
- ✓ D. BAW 8

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. KMP
- ✗ B. VXA
- ✓ C. JLP
- ✗ D. GIL

Q.72 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 5 € $ 4 9 & & 4 € @ © 7 @ 7 9 1 8 # 8 % 5 £ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है तथा ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 8
- ✗ C. 9
- ✗ D. 4

Q.73 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर C बैठा है। F का निकटतम पड़ोसी C है। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। B और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. एक

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, JIKO एक निश्चित तरीके से ZYAE से संबंधित है। उसी प्रकार VUWA, LKMQ से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, RQSW दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. HYUO
- ✗ B. HNJU
- ✓ C. HGIM
- ✗ D. HGYT

Q.75 P का घर, Q के घर से 5 km पश्चिम में है। R का घर, Q के घर से 3 km उत्तर में है। S का घर, R के घर से 10 km दक्षिण में है। S का घर, Q के घर से किस दिशा में है?

Ans
- ✗ A. उत्तर
- ✗ B. पश्चिम
- ✗ C. पूर्व
- ✓ D. दक्षिण

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. RT–WY
- ✗ B. ZB–EG
- ✗ C. JL–OQ
- ✓ D. XZ–BG

Q.77 संख्या 1748563 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंक का योग क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 14
- ✗ C. 12
- ✗ D. 6

Q.78 संख्या 756931482 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 13
- ✗ C. 10
- ✓ D. 11

Q.79 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DEL GFJ JGH MHF ?

Ans
- ✗ A. QID
- ✗ B. PJD
- ✗ C. QJD
- ✓ D. PID

Q.80 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 8 1 2 9 6 7 5 1 7 8 9 7 8 4 3 5 8 2 7 4 9 3 5 6 4 1 6 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 7 अक्टूबर, 2025 को भारत में 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' पर राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. बेंगलुरु
- ✗ B. चंडीगढ़
- ✓ C. नई दिल्ली
- ✗ D. जयपुर

Q.82 निम्नलिखित में से किस मिसाइल प्रणालियों का भारत ने जुलाई 2025 में 24 घंटे की अवधि के भीतर परीक्षण किया, जिससे सामरिक प्रतिरोध क्षमताओं (strategic deterrence capabilities) का प्रदर्शन हुआ?

Ans
- ✗ A. iDEX इनोवेशन
- ✗ B. अग्नि-V, ब्रह्मोस
- ✓ C. पृथ्वी-II, अग्नि-I
- ✗ D. अग्नि-II, अस्त्र, शौर्य

Q.83 निम्नलिखित में से किस ब्राज़ीलियाई शहर ने 6–7 जुलाई 2025 को 17वें BRICS शिखर सम्मेलन की मेजबानी की?

Ans
- ✓ A. रियो डी जनेरियो (Rio de Janeiro)
- ✗ B. ब्रासीलिया (Brasilia)
- ✗ C. साओ पाउलो (Sao Paulo)
- ✗ D. मनौस (Manaus)

Q.84 निम्नलिखित में से किस सरकारी निकाय ने, ईस्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 2025 के आयोजन में सर्वाधिक सहयोग किया?

Ans
- ✗ A. विदेश मंत्रालय
- ✗ B. गृह मंत्रालय
- ✓ C. युवा मामले और खेल मंत्रालय
- ✗ D. शिक्षा मंत्रालय

Q.85 15 जनवरी 2025 को भारत द्वारा कमीशन की गई पनडुब्बी का नाम क्या है?

Ans
- ✓ A. आईएनएस वागशीर
- ✗ B. आईएनएस खंडेरी
- ✗ C. आईएनएस कलवरी
- ✗ D. आईएनएस वेला

Q.86 किस लेखक की कृति 'पैराडाइज इंक. (Paradise Inc.)', संस्मरण और फोटो-जर्नलिज्म के माध्यम से अफ्रीका में पश्चिमी संरक्षण मॉडलों की आलोचना करती है?

Ans
- ✓ A. गिलौम बॉन (Guillaume Bonn)
- ✗ B. कॉलम मैककैन (Colum McCann)
- ✗ C. बानू मुश्ताक (Banu Mushtaq)
- ✗ D. नेल स्टीवंस (Nell Stevens)

Q.87 भारत में 30 जनवरी के अलावा, भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में शहीद दिवस किस अन्य तिथि को मनाया जाता है?

Ans
- ✗ A. 13 अप्रैल
- ✗ B. 15 मार्च
- ✓ C. 23 मार्च
- ✗ D. 9 अगस्त

Q.88 किस संस्थान ने हीमोफीलिया A और वॉन विलेब्रांड रोग (Von Willebrand Disease) के शीघ्र निदान हेतु स्वदेशी रूप से निर्मित प्वाइंट-ऑफ-केयर परीक्षण किट विकसित की है?

Ans
- ✗ A. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (All India Institute of Medical Sciences - AIIMS)
- ✓ B. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोहेमेटोलॉजी (National Institute of Immunohaematology)
- ✗ C. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (National Institute of Virology)
- ✗ D. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (Indian Council of Medical Research - ICMR)

**Q.89** मई 2025 में आयोजित इटालियन ओपन, 2025 किसने जीता?

**Ans**

- ✗ A. टैन निंग (Tan Ning)
- ✗ B. राफेल नडाल (Rafael Nadal)
- ✓ C. कार्लोस अल्काराज़ (Carlos Alcaraz)
- ✗ D. जैनिक सिनर (Jannik Sinner)

**Q.90** खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2025 का पहला चरण, 23 जनवरी से कहाँ आयोजित किया गया था?

**Ans**

- ✗ A. देहरादून
- ✗ B. गुलमर्ग
- ✓ C. लेह
- ✗ D. मनाली

**Q.91** हरियाणा की 2025 पर्यावरण योजना का लक्ष्य किस लक्ष्य वर्ष तक पराली जलाने को पूरी तरह से समाप्त करना है?

**Ans**

- ✓ A. 2030
- ✗ B. 2028
- ✗ C. 2047
- ✗ D. 2045

**Q.92** अगस्त 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, निर्यातकों ने अमेरिकी टैरिफ के कारण उत्पन्न वित्तीय तनाव से निपटने के लिए सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से निम्नलिखित में से किस राहत उपाय का अनुरोध किया था?

**Ans**

- ✗ A. अमेरिकी वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध
- ✗ B. निर्यात टैरिफ में वृद्धि
- ✗ C. ऋणों को पूर्ण रूप से राइट-ऑफ (write-off)
- ✓ D. ऋण चुकौती में रियायत

**Q.93** मार्च 2025 में किस राष्ट्रीय उद्यान को भारत का 58वां बाघ अभ्यारण्य (Tiger Reserve) घोषित किया गया था?

**Ans**

- ✓ A. माधव राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश
- ✗ B. रामगढ़ विशधारी राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान
- ✗ C. ओरंग राष्ट्रीय उद्यान, असम
- ✗ D. गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, छत्तीसगढ़

**Q.94** मार्च 2025 में 62 वर्ष और 147 दिनों की आयु में T20I मैच में भाग लेकर पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करके सर्वाधिक आयु वाले खिलाड़ी कौन बने?

**Ans**

- ✗ A. नोलन क्लार्क (Nolan Clarke)
- ✓ B. एंड्रयू ब्राउनली (Andrew Brownlee)
- ✗ C. उस्मान गॉकर (Osman Göker)
- ✗ D. जेम्स साउथर्टन (James Southerton)

**Q.95** हाइनीवट्रेप यूथ काउंसिल (HYC) ने मई 2025 में, निम्नलिखित में से किस वन्यजीव अभयारण्य में प्रस्तावित इको-पर्यटन परियोजना के खिलाफ आपत्तियां उठाईं?

**Ans**

- ✗ A. कमलांग वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ B. मानस वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ C. नमदाफा वन्यजीव अभयारण्य
- ✓ D. नोंगखिलेम वन्यजीव अभयारण्य

**Q.96** जून 2025 में किस ओडिया कवि ने केते फूला फूटिची (Kete Phula Phutichhi) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार जीता?

**Ans**
- ✗ A. सुब्रत सेनापति
- ✗ B. फागू बास्की
- ✓ C. राजकिशोर पारही
- ✗ D. मयूर खावडू

**Q.97** राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025, निम्नलिखित में से किसके लिए अधिनियमित किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. खेल निकायों के प्रशासन में चुनौतियाँ और बाधाएँ
- ✗ B. खेल प्रसारण में वित्तीय अनियमितताएं
- ✗ C. केवल एथलीट चयन विवाद
- ✗ D. खेल अवसंरचना वित्तपोषण अंतराल

**Q.98** विश्व बैंक के अनुसार, भारत ने 2011-12 से 2022-23 के बीच कितने लोगों को चरम गरीबी से बाहर निकाला है?

**Ans**
- ✓ A. 171 मिलियन
- ✗ B. 150 मिलियन
- ✗ C. 200 मिलियन
- ✗ D. 220 मिलियन

**Q.99** निम्नलिखित में से किस भारतीय बैंक ने 1 अगस्त, 2025 से अर्ध-शहरी खंड शाखाओं में नए ग्राहकों के लिए न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को ₹5,000 के स्तर की तुलना में बढ़ाकर ₹25,000 कर दिया है?

**Ans**
- ✗ A. पंजाब नेशनल बैंक (Punjab National Bank)
- ✓ B. आईसीआईसीआई बैंक (ICICI Bank)
- ✗ C. भारतीय स्टेट बैंक (State Bank of India)
- ✗ D. एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank)

**Q.100** 2025 में, भारत ने एक आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर (Operation SINDOOR) शुरू किया। इस ऑपरेशन ने किस क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया?

**Ans**
- ✓ A. पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर
- ✗ B. राजस्थान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर
- ✗ C. गुजरात और पाकिस्तान
- ✗ D. पंजाब और पाकिस्तान

"